स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण नीति

- लागू राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संहिताओं, मानकों, कार्यविधियों, इंजीनियरी पद्धतियों और ग्राहकों की अपेक्षाओं सहित विधिक/सांविधिक अपेक्षाओं के अनुरूप उत्पादों/सेवाओं का डिजाइन और सुपुर्दगी के दौरान स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण(एचएसई) की अपेक्षाओं का अनुपालन सुनिश्चित करना।
- अपने कार्यकलापों के एचएसई जोखिमों का पता लगाना और अपने कार्मिकों तथा अपने कार्यालयों व साइटों पर हमारी गतिविधियों में शामिल लोगों के दुर्घटनाग्रस्त व अस्वस्थ होने की घटनाओं में कमी लाना।
- अपने कार्यस्थलों पर सभी कार्यकलापों में संसाधनों का संरक्षण करके, अपशिष्ट उत्पादन में कमी लाकर और प्रदूषण निवारण उपायों द्वारा पर्यावरणीय दुष्प्रभावों को न्यूनतम करना।
- समय-समय पर अपने कार्य निष्पादन की समीक्षा करके तथा आवश्यक परिवर्तन करते हुए अपनी एचएसई प्रबंधन प्रणाली में निरंतर सुधार के लिए प्रयास करना।
- पूरे संगठन में एचएसई पहलुओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना और एक ऐसी कार्य संस्कृति विकसित करना, जहां सभी कर्मचारी एचएसई के लिए प्रतिबद्ध हों।

अपनी कार्यप्रणालियों का प्रभावी रूप से कार्यान्वियन सुनिश्चित करने के लिए, सभी परियोजना में परियोजना निष्पादन के विभिन्न चरणों में सभी खतरों की पहचान की जाती है। शामिल जोखिम का मूल्यांकन किया जाता है तथा सुसज्जित सुरक्षा प्रणालियों का उन्नयन करके, माल सूची स्तर का इष्टतमीकरण करके तथा आपातकाल कार्रवाई योजना के लिए दिशानिर्देश उपलब्ध कराने के लिए न्यूनीकरण उपाय कार्यान्वित किए जाते हैं।

हमारा मानना है कि सभी दुर्घटनाओं और व्यावसायिक स्वास्थ्य के खतरों को सुव्यवस्थित विश्लेषण और जोखिम के नियंत्रण के माध्यम से तथा कर्मचारियों, और समुदायों को उचित प्रशिक्षण प्रदान कराने से रोका जा सकता है।

तीव्र जोखिम विश्लेषण, जो हमारे कर्मचारी लोगों और पर्यावरण के खतरों के प्रभाव को न होने अथवा उन्हें न्यूनतम करने की दिशा निरंतर सक्रियता से कार्य करते हैं। हम व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रक्रियाओं को अपने प्रचालनों के एक अभिन्न अंग के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

AURANGABAD MULTI SERVICES

AUTH. SIGN. / PROPRIETOR